हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 26 मई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

अंधेरी रात में अवैध खदानों पर अधिकारियों ने दी दबिश, 5 भारी वाहन किए गए जब्त



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा में 1163 युवाओं का चयन

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जनवरी माह में धमतरी में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। इस भर्ती में छत्तीसगढ़ के 1163 युवाओं को सफलता मिली है चयनित अभ्यर्थियों की सूची भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की गई है। सभी सफल उम्मीदवारों को 28 मई की सुबह 7:00 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में रिपोर्ट करना है। यह कार्यालय शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है। सेना ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर हुआ है। उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### रनपुर, तिलंगा, बदर चूवां जामटोली में लगा शिविर



**जशपुरनगर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जशपुर में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 जन भागीदारी अभियान के तहत ₹जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले₹ अभियान ग्राम पंचायत रनपुर ग्राम तिलंगा, ग्राम बदरचूआं ,जामटोली अन्य गांवों में शिविर लगाया गया। शिविर में अधिकारियों द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और ग्रामवासियों को केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण और आधार अपडेट,आय जाति, निवास प्रमाण के आनलाइन आवेदन और आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### जल जीवन मिशन से बदली गांव बेंगटा की तस्वीर



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर जंगलों से घिरे ग्राम बेंगटा में जल जीवन मिशन ने पेयजल संकट को खत्म कर दिया है। भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद गांव में 10 केएल क्षमता के उच्च स्तरीय जलागार से दोनों बसाहटों के 61 परिवारों को नियमित शुद्ध पेयजल मिल रहा है। मिशन लागू होने से पहले ग्रामीण नाला-कुएं पर निर्भर थे। महिलाओं-बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। गर्मी में जल संकट और बरसात में मटमैला-असुरक्षित पानी से जलजनित बीमारियां फैलती थीं। हर घर नल कनेक्शन से 24x7 स्वच्छ पानी। महिलाओं-बच्चों का समय की बचत महिलाएं आजीविका पर ध्यान दे रही हैं। स्वास्थ्य में सुधार जलजनित बीमारियों में कमी आई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जशपुर द्वारा ग्राम बेंगटा को ₹हर घर जल₹ प्रमाणित किया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन ने जीवन सरल, सुरक्षित और बेहतर बना दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर बटवाही खुटापारा निवासी लाल मोहम्मद अंसारी आ. स्व. टिंकू अंसारी (61 वर्ष) 23 मई को 11 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से अकेले लुण्ड्रा तहसील जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुण्ड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईजेड 5338 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

## दो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनी तेज रफ्तार, जनहानि नहीं पर बड़ी अनहोनी टली

## हादसाः तेज रफ्तार कार नाले में गिरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- सभी कर सवार सुरक्षित, बड़ा हादसा टला

तेज रफ्तार और बेकाबू कार सड़क किनारे लगे डिवाइडर को तोड़ते हुए पानी से भरे नाले में जा गिरी। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार, कार सवार लोग शादी समारोह में शामिल होकर कोरबा लौट रहे थे। इसी दौरान खरकट्टा गांव के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे नाले में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई जिन्होंने बिना मौका गंवाए कार सवार की सहायता करते हुए सभी कर सवार को बाहर निकलने में मदद की। जेसीबी मशीन की मदद से कार को नाले से बाहर निकालने का प्रयास जारी है। मामले की सूचना मिलते ही पत्थलगांव थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है,जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

## बस ने दो कारों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- रौनी घाट में सड़क हादसा, सवारों को आई मामूली चोट




जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत रौनी घाट में सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार यात्री बस ने दो कारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दोनों कारें रौनी से बगीचा की ओर आ रही थीं। इसी दौरान बगीचा से जशपुर की तरफ जा रही यात्री बस ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बगीचा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रौनी घाट मार्ग पर डिवाइडर नहीं होने और तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

## खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने शासन-प्रशासन से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- सिंचाई सुविधा की मांग को लेकर किसानों ने की प्रेसवार्ता



जिले के विकासखंड बगीचा एवं मनोरा क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई सुविधा की मांग को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता में ग्राम एकम्बा निवासी विन्देश्वर राम रौतिया सहित क्षेत्र के लगभग 12 गांवों किसानों ने बताया कि सन्ना, चम्पा, आस्ता एवं मनोरा क्षेत्र के किसान आज भी खेती के लिए पूरी तरह मानसून के पानी पर निर्भर हैं।

क्षेत्र में सिंचाई के लिए न तो बांध-नहर की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त बोर एवं बोरवेल की सुविधा उपलब्ध है। किसानों ने बताया कि विकासखंड बगीचा के सन्ना-चम्पा क्षेत्र में चलनी से एकम्बा नदी, डुमरकोना से कान्हर नदी, बेवान हर्राडीपा (चेपराकोना) से सूर्या नदी तथा कवई से इब नदी बहती है। वहीं विकासखंड मनोरा के आस्ता क्षेत्र में लवई से लावा नदी, डीहडांड से मनोरा नदी, सईला-सरूवा से घाघरा नदी तथा मुटु-जकबा से सोगड़ा नदी प्रवाहित हो रही है।

प्रेसवार्ता में किसानों ने कहा कि यदि इन नदियों के ऊपरी छोर पर डायवर्सन बांध अथवा डेम का निर्माण किया जाए तो सन्ना-चम्पा क्षेत्र के लगभग 27 से 28 गांव तथा मनोरा-आस्ता क्षेत्र के लगभग 30 से 32 गांवों के किसान सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होंगे। इससे क्षेत्र का जलस्तर भी बढ़ेगा तथा किसानों को सालभर खेती करने में मदद मिलेगी। किसानों ने बताया कि वर्तमान में अधिकांश किसान केवल धान की खेती कर पाते हैं, लेकिन सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर गेहूं, चना, मटर, उड़द, मूंग, मूंगफली, सरसों, मकई एवं साग-सब्जी जैसी रबी फसलों की खेती भी बड़े स्तर पर की जा सकेगी। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और क्षेत्र में कृषि आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रेसवार्ता के माध्यम से किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार , जिला प्रशासन, क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री से मांग की कि जनहित एवं किसान हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित नदियों पर डायवर्सन बांध एवं डेम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए। किसानों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से गांव-गांव की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी इस लंबे समय से लंबित मांग पर भी शासन गंभीरता से विचार करेगा। प्रेसवार्ता में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## डीलिस्टिंग के विरोध में आदिवासियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पांचवीं अनुसूची बचाने की उठी मांग




डीलिस्टिंग के विरोध में रविवार को जशपुर में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग सड़क पर उतर आए। राजी पड़हा द्वारा ईसाई आदिवासी महासभा के सहयोग से आयोजित इस रैली में जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में शामिल होने के लिए लोग शहर के रांची रोड स्थित शासकीय एनईएस कॉलेज मैदान में एकत्रित हुए।

चिलचिलाती धूप के बीच हाथों में छतरी और बैनर लिए प्रदर्शनकारी डीलिस्टिंग विरोधी नारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। रैली जैन मंदिर, बस स्टैंड, महाराजा चौक, जय स्तंभ चौक और भागलपुर चौक होते हुए बीटीआई ग्राउंड पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा आयोजित डीलिस्टिंग समर्थन सभा आदिवासियों को बांटने की साजिश है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि संविधान आदिवासियों को किसी भी धर्म को मानने की स्वतंत्रता देता है और डीलिस्टिंग लागू होने से पांचवीं अनुसूची पर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

### पांचवीं अनुसूची समाप्त करने की साजिश

राजी पड़हा समिति के जिलाध्यक्ष राजेश भगत ने कहा कि उनकी संस्था शुरू से ही डीलिस्टिंग की मांग का विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। वहीं अनिल किस्पोट्टा ने कहा कि आदिवासियों को अपनी इच्छा से किसी भी धर्म का पालन करने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने डीलिस्टिंग को पांचवीं अनुसूची समाप्त करने की साजिश बताया।सभा में वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग भी जोरशोर से उठाई।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सिटी कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की प्रार्थिया जो कि पीड़िता की छोटी बहन है ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बड़ी बहन पीड़िता जिसकी उम्र 32 वर्ष है, जिसकी करीबन 15-16 वर्ष पूर्व से दिमागी हालत ठीक नहीं है, जो कि अपने पिताजी व बहन के साथ ही रहती है, बात चीत नहीं करती है, चुपचाप रहती है।

घटना के दिन शाम करीबन 6 बजे सभी लोग घर में ही थे, पीड़िता घर के आंगन में बैठी हुई थी, शाम करीबन 7.00 बजे प्रार्थिया घर के आंगन में बैठी अपनी मानसिक रूप से कमजोर बड़ी बहन को खाना खाने हेतु बुलाने गई तो वह घर के आंगन में नहीं थी, करीबन 7.30 बजे वे आरोपी संतोष राम के घर के बगल से गुजर रहे थे, संतोष राम, उसकी मानसिक रूप से कमजोर बड़ी बहन के साथ आपत्तिजनक अवस्था में था। आरोपी ने उसकी बड़ी बहन के साथ म दुष्कर्म किया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रार्थिया की रिपोर्ट पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपी के विरुद्ध बी एन एस की धारा 64 (2)(k) व 87 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष राम को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी संतोष राम के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 24 मई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## गायत्री परिवार का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कार्यक्रम में जन्म शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना पर हुई चर्चा




अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के विकासखंड समन्वय समिति के द्वारा पारिवारिक स्नेह सम्मेलन एवं सामूहिक भोज कार्यक्रम का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजनों, माताओं, बहनों एवं युवाओं की सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य परिवार भावना को मजबूत करना तथा संगठन की आगामी गतिविधियों पर विचार-विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित वक्ताओं ने समाज में नैतिकता, संस्कार एवं सकारात्मक विचारों के प्रसार हेतु सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी सहदुल सिंह ने कहा कि परिवार केवल रिश्तों का नाम नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, संस्कार और अपनत्व का आधार होता है।

जब परिवार के सभी सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुःख में साथ खड़े रहते हैं, तभी जीवन में वास्तविक आनंद और शांति का अनुभव होता है। विकासखंड समन्वयक धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि गायत्री परिवार के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को आपस में प्रेम, सम्मान, सहयोग और सहकारिता को बढ़ावा देने तथा आपसी मतभेदों को भूलकर एकता एवं समर्पण के साथ गुरु कार्य करने का आवाहन किया। सम्मेलन में आगामी समय में वृक्षारोपण, नशा मुक्ति अभियान, युवा जागरण, दीप यज्ञ एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का सभी ने संकल्प लिया गया।

इस दौरान सीपी साहू, जगन्नाथ सिंह, मृगेंद्र सिंह, तिर्थू राम, प्रद्युम्न सन्यासी, डमरूधर स्वर्णकार, ओम प्रकाश पांडे, लालसाय महतो, स्वेता दुबे, तुलिका पाठक, बसंत राम, विश्वनाथ सिंह, रोहिणी गुप्ता, एवं जशपुर विकासखंड से वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी परिजनों ने सामूहिक भोज ग्रहण कर आपसी प्रेम एवं सद्भाव का संदेश दिया।

## देवघर में जशपुर की संतोषी सम्मानित




**जशपुरनगर।** बाबा नगरी देवघर स्थित हरियाली सभागार में 'साहित्य समागम भारत' के तत्वावधान में कवि सम्मेलन 'काव्याभिषेक' सह सम्मान समारोह का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस समारोह में झारखंड सहित देश के 12 राज्यों से आए ख्यातिलब्ध कवियों, साहित्यकारों और विचारकों का एक अद्भुत समागम देखने को मिला, जिससे पूरा वातावरण साहित्यिक और सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस कार्यक्रम का संयोजन कवि रवि शंकर साह द्वारा किया गया था। मुख्य अतिथि उज्जैन से आई वरिष्ठ साहित्यकार मीरा जैन एवं उद्घाटनकर्ता के रूप में देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुपुर कॉलेज की पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. सुमनलता उपस्थित रहीं। इनके साथ ही एएस महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. नागेश्वर शर्मा एवं देवघर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रामनंदन सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर कवयित्री व लेखिका संतोषी डनसेना को उनकी उत्कृष्ट पुस्तक और शानदार काव्य पाठ के लिए मंच पर प्रतिष्ठित डॉ. रामशंकर मिश्र स्वर्ण स्मृति सम्मान₹ से सम्मानित किया गया।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा की विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

## यातायात नियम उल्लंघन, बिना लाइसेंस और ओवरस्पीड पर करें सख्त कार्रवाईः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- ब्लैक स्पॉट सुधार, सड़कों पर साइन बोर्ड व मार्किंग करें सुनिश्चित



जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी स्तरों पर कड़ाई से नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह पहल जिले में दुर्घटनाओं को कम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर श्री व्यास ने ओवरस्पीड, बिना हेलमेट वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित चिकित्सा सहायता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि एम्बुलेंस समय पर पहुंचकर घायलों को शीघ्र उपचार मिल सके। साथ एनएच के अंतर्गत रहने वाले एम्बुलेंस को भी सक्रिय रखने कहा, जिससे हाईवे क्षेत्र में दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल करने से तुरंत एंबुलेंस सुविधा पहुंचाई जा सके। कलेक्टर ने स्कूल खुलने से पहले सभी स्कूल बसों की फिटनेस टेस्ट, ड्राइवरों का सत्यापन आदि कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में नाबालिक छात्र दोपहिया वाहनों का उपयोग न करे, इसके लिए स्कूल प्रबंधन को सजग कर निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### नशे के खिलाफ जारी रखें अभियान

जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक और सख्त कार्ययोजना लगातार जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने सभी संबंधित विभागों को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, निगरानी और जनजागरूकता अभियान को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस और कोटपा एक्ट के तहत मादक पदार्थों के अनुचित उपयोग करने वालों पर लगातार कार्रवाई करे। कलेक्टर श्री व्यास ने नशे से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार हेतु नशा मुक्ति केंद्र जाने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। इसके लिए नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से सहायता प्राप्त कर सकें। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

